Series SHC/1

Code No. कोड नं. 66/1/1

Roll No. रोल नं. | | | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में कोड नं. अवश्य लिखे।

- Please check that this question paper contains 4 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the condidate.
- Please check that this question paper contains 25 questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 25 प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

BUSINESS STUDIES
व्यावसायिक अध्ययन

Time allowed : 3 hours] *[Maximum marks: 100*
निर्धारित समय : 3 घण्टे] *[अधिकतम अंक : 100*

General Instructions :

*(1) Answers to questions carrying **2-3** marks should not exceed **30-40** words.*

*(2) Answers to questions carrying **4-5** marks should not exceed **60-80** words.*

*(3) Answers to questions carrying **6** marks should not exceed **100** words.*

(4) Attempt all parts of a question together

सामान्य निर्देश :

*(1) **2-3** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **30-40** शब्दों से अधिक न हों।*

*(2) **4-5** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **60-80** शब्दों से अधिक न हों।*

*(3) **6** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **100** शब्दों से अधिक न हों।*

(4) किसी प्रश्न के सभी भाग साथ-साथ ही हल कीजिए।

1. What is meant by Supervision ? 2
पर्यवेक्षण से क्या आशय है ?

2. What is meant by Marketing Management ? 2
विपणन प्रबन्ध से क्या आशय है ?

3. Explain in brief the concept of Personal Selling. 2
व्यक्तिगत विक्रय अवधारणा को संक्षेप में समझाइये।

4. What role does social environment play in the business ? 2
व्यवसाय से सामाजिक वातावरण क्या भूमिका निभाता है ?

5. Mohan, a manager expects his subordinates to adapt to the new environs and working conditions without giving them time to settle down. Which principle of management is being overlooked and why ? 2
मोहन, जो एक प्रबन्धक है, अपने अधीनस्थों को व्यवस्थित होने हेतु समय दिए बिना यह आशा करता है कि अधीनस्थ नए वातावरण एवं कार्य की दशाओं को अपनाएं। प्रबन्ध के किस सिद्धान्त की अवहेलना हो रही है तथा क्यों ?

6. Write short note on 'management as an activity'. 3
'प्रबन्ध एक क्रिया के रूप में' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

7. State any three factors that influence the effectiveness of a leader. 3
एक नेता की प्रभावशीलता को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन घटकों को लिखिए।

8. Distinguish between 'formal' and 'informal' communication. 3
'औपचारिक' एवं 'अनौपचारिक' सम्प्रेषण में अन्तर्भेद कीजिए।

9. Briefly explain any three Objectives of marketing management. 3
विपणन प्रबन्ध के किन्हीं तीन उद्देश्यों को संक्षेप में समझाइये।

10. State with reasons your choice of a media of advertising for selling of toys. 3
खिलौनों की बिक्री हेतु आपके द्वारा चुने गए विज्ञापन-माध्यम के कारण बताइए।

11. Differentiate between 'management' and 'administration'. 4
'प्रबन्ध' एवं 'प्रशासन' में अन्तर्भेद कीजिए।

12. What is meant by 'money market' ? Briefly explain the concept of 'call money'. 4
'मुद्रा-बाजार' से क्या आशय है ? 'याचित-राशि' अवधारणा को संक्षेप में समझाइये।

13. Define 'delegation' and differentiate it with 'decentralisation'. Any three points. 4
'अधिकार-सौंपने' को परिभाषित कीजिए तथा इसमें एवं 'विकेन्द्रीकरण' में अन्तर्भेद कीजिए। कोई तीन बिन्दु।

14. With the help of suitable examples bring out any four differences between training and development. 4

उपयुक्त उदाहरण की सहायता से प्रशिक्षण एवं विकास के कोई चार अन्तर लिखिए।

15. What is meant by a 'Primary Market' ? Briefly explain the concept of 'Initial Public Offer.' 4

एक 'प्राथमिक बाजार' से क्या आशय है ? 'प्रारम्भिक सार्वजनिक प्रस्तावना' अवधारणा को संक्षेप में समझाइये।

16. What is meant by 'Work Study' ? Briefly explain the role of 'Time' and 'Motion' studies while setting the Standard Task. 5

'कार्य-अध्ययन' का क्या अर्थ है? मानक-कार्य निर्धारण में 'समय' एवं 'गति' अध्ययन की भूमिका संक्षेप में समझाइये।

17. Explain in brief the term 'Liberalisation'. In what ways have the Indian business houses/managements responded to this change ? 5

'उदारीकरण' शब्द को संक्षेप में समझाइये। भारतीय व्यावसायिक संस्थानों/प्रबन्धकों की इस परिवर्तन पर क्या प्रतिक्रिया है?

18. What is meant by 'controlling' ? Briefly explain any three points of importance of controlling. 5

'नियंत्रण' से क्या आशय है? नियंत्रण के महत्त्व के किन्हीं तीन बिन्दुओं को संक्षेप में समझाइये।

19. Explain the term 'Financial Management'. Briefly explain any three of its objectives. 5

'वित्तीय प्रबन्ध' शब्द को समझाइए। इसके कोई तीन उद्देश्यों को संक्षेप में समझाइये।

20. What is meant by the term 'Capital Structure' ? Briefly explain any three factors that affect the capital structure of a company. 5

'पूंजी ढांचा' शब्द से क्या आशय है? एक कम्पनी के पूंजी-ढांचे को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन घटकों को संक्षेप में समझाइये।

21. Explain the steps involved in the process of organisation. 6

OR

Briefly explain the considerations that need to be kept in mind while designing the organisational structure of a company.

संगठन-प्रक्रिया में अन्तर्निहित चरणों को समझाइये।

अथवा

एक कम्पनी के संगठनात्मक ढांचे का परिरूप तैयार करते समय ध्यान देने योग्य घटकों को संक्षेप में समझाइये।

22. What are the features of 'Planning' ? Explain any six. 6

OR

Explain how does planning help reducing uncertainties ?

'नियोजन' की क्या विशेषताएं हैं? किन्हीं छह को समझाइए।

अथवा

समझाइये कि नियोजन, अनिश्चितताओं को कम करने में किस प्रकार सहायक है ?

23. What is meant by 'Recruitment' ? Explain any five external sources of recruitment of employees. 6

OR

What is meant by 'Selection' ? Explain any five steps involved in the process of selection of employees.

'भर्ती' से क्या आशय है? कर्मचारियों की भर्ती के किन्हीं पांच बाह्य स्रोतों को समझाइये।

अथवा

'चयन' से क्या आशय है? कर्मचारियों की चयन-प्रक्रिया में अन्तर्निहित किन्हीं पांच चरणों को समझाइये।

24. Briefly explain the different factors that determine the choice of channels of distribution of any product. 6

OR

"Advertising misleads customers and increases the cost of products". Do you agree with this statement ? Give reasons in support of your answer.

किसी उत्पाद (प्रोडक्ट) के वितरण-माध्यम के चयन को निर्धारित करने वाले विभिन्न घटकों को संक्षेप में समझाइये।

अथवा

''विज्ञापन ग्राहकों को भ्रमित करता है तथा उत्पादों की लागत बढ़ाता है''। क्या इस कथन से आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए।

25. Explain any three ways and means of consumer protection available in India. 6

OR

Explain any three responsibilities of the consumer to safeguard his interest.

भारतवर्ष में उपलब्ध उपभोक्ता-संरक्षण हेतु किन्हीं तीन उपायों एवं साधनों को समझाइये।

अथवा

उपभोक्ता के अपने हित-संरक्षण हेतु उसके किन्हीं तीन उत्तरदायित्वों को समझाइये।